RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, सोमवार, 28 नवंबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा मैच बारिश में धुला
पेज - 12

## सजग और समझदार युवा पर्यावरण संरक्षण की नींव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




सेव अरावली संस्था द्वारा आयोजित अरावली यात्रा में शिरकत करते अग्रवाल कालेज के छात्र एवं छात्राएं।

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ की एनएसएस इकाई-सेकेंड के स्वयंसेवकों ने 27 नवंबर 2022 को अरावली यात्रा में भाग लिया। इस यात्रा का आयोजन सेव अरावली ट्रस्ट नामक एनजीओ के द्वारा किया गया। जो लगातार कई वर्षों से अरावली के जंगलों के संरक्षण के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रही है। सरकार से इन्हें ना काटने के लिए आंदोलन कर रही है।

इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य जनमानस को जंगलों की दशा और उपयोगिता दिखाना और उनके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करना था। जिस प्रकृति ने हमें इतने संसाधन दिए हम सिर्फ उसका भोग कर रहे हैं, तो अब समय है हम अपनी धरती मां की सुरक्षा करें और उसका कर्ज चुकाएं। ट्रस्ट के समन्वयक जितेंद्र भड़ाना, पंकज ग्रोवर और यश के नेतृत्व में इस यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा की कुल दूरी 4 किलोमीटर थी और सुबह 7.30 बजे से मोहब्बताबाद से इस यात्रा का शुभारंभ हुआ। दिल्ली एनसीआर के विभिन्न हिस्सों से लोगों ने इसमें भाग लिया। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के दिशा निर्देशन में एनएसएस इकाई सेकेंड के 10 स्वयंसेवकों ने इस यात्रा में भागीदारी की। प्राचार्य ने वन संरक्षण की दिशा में इसे कारगर कदम बताया और इस यात्रा को अपने आप में एक अनूठी पहल बताया। उन्होंने युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजगता और समझदारी सुनिश्चित करने संदेश दिया। कार्यक्रम की सफलता पर प्राचार्य ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शोभना गोयल और सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने का आग्रह किया।